Title:Need to restart functioning of oil depot in Aurangabad, Maharashtra.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराट्र) : महोदय, मराठवाड़ा क्षेत्र के तेल डीलरों एवं उपभोक्ताओं द्वारा मुझे ज्ञात हुआ है कि आई.ओ.सी., आई.बी.पी. एवं एच.पी.सी. कम्पनियों ने अपने औरंगाबाद (सम्भाजीनगर) डिपों से तेल का वितरण जनवरी, 2003 से बंद कर दिया है। इस समय यह वितरण 150 किलोमीटर दूर मनमाड़ डिपों से किया जा रहा है। इन कम्पनियों का कहना है कि सम्भाजी नगर डिपो में इथनाल मिश्रित पेट्रोल के स्टोरेज की उचित व्यवस्था नहीं है, यह कारण बिलकुल उचित नहीं है। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि इसे पुन: चालू किया जाए।